वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-168 सागवाड़ा, सोमवार,21 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

कमरे में सोई बेटी को उठाने गए पिता, बेटी को खुद के दुप्पट्टे से फांसी से लटका देख उड़े होश

पुलिस कर रही मामले की जांच

आसपुर। जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के सडली गांव में एक युवती ने अपने घर में खुद के दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पिता उसे उठाने गए तो बेटी को लटका देखकर होश उड़ गए। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है । दोवडा थाना पुलिस की गणेशपुर पुलिस चौकी के प्रभारी हैड कांस्टेबल जीवणलाल ने बताया कि सडली निवासी रूपलाल डामोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि उसके 3 बेटे और 3 बेटियां है। किरण डामोर (24) सबसे छोटी बेटी हैं। पांच साल पहले पढ़ाई छोड़ने के बाद से किरण मजदूरी का काम करती है। रविवार की रात 9 बजे किरण डामोर ने परिवार के साथ बैठकर खाना खाया था और उसके बाद किरण घर के अंदर के कमरे में सोने चली गई थी । जबकि उसके माता-पिता अगले कमरे में सो गए थे । आज सोमवार सुबह जब उसके पिता रूपलाल उठे और चाय बनाने के लिए बेटी किरण को उठाने गए। तो कमरे में किरण खुद के दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। बेटी को फंदे पर लटका देखकर पिता के होश उड़ गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर घर के साथ गांव के लोग एकत्रित हो गए। इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी दोवडा थाना पुलिस को दी। जिस पर घटना की सूचना पर गणेशपुर चौकी के प्रभारी हैड कांस्टेबल जीवणलाल, कांस्टेबल विशाल व शांतिलाल मौके पर पंहुचे। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और ग्रामीणों की मदद से युवती के शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। वही आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीठ में बकाया बिजली का बिल वसूलने गई धम्बोला बिजली निगम की टीम के साथ गाली गलोच व मारपीट

जेईएन ने धम्बोला थाने में दर्ज करवाया मामला

सीमलवाड़ा। जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ कस्बे में बकाया बिजली का बिल वसूलने गई धम्बोला बिजली विभाग की टीम के साथ उपभोक्ता द्वारा गाली गलोच व मारपीट का मामला सामने आया है। धम्बोला थाने के जेईएन ने धम्बोला थाने में दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता अरविन्द रोत ने बताया की बिजली विभाग की ओर से बकाया बिजली का बिल वसूलने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बिजली विभाग की टीम घर-घर जाकर बकाया वसूल रही है। इसी के तहत आज कनिष्ठ अभियंता अरविन्द रोत, तकनीकी सहायक नरेश पाटीदार, तुषार पाटीदार, अनिल रोत व वाहन चालक रमेश गरासिया सरकारी वाहन लेकर पीठ कस्बे में बकाया बिजली के बिल की राशि वसूलने गई थी। उन्होंने बताया की पीठ कस्बे निवासी पंकज पुत्र कीर्तन लबाना का पिछले 2 माह का 44 हजार 546 रुपए बिजली का बिल बकाया चल रहा था ।

बेटियों ने सागवाड़ा थाना, नेहरु पार्क स्टेच्यु, एडीजे कोर्ट और एसडीएम कार्यालय का विजिट किया

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सागवाड़ा की बेटियों ने किया संवाद

डूंगरपुर। बेटियों के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए डूंगरपुर जिला प्रशासन द्वारा मेरी पुलिस-मेरी दोस्त अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सागवाड़ा की बेटियों ने पुलिस थाना सागवाड़ा, नेहरु पार्क स्टेच्यु, एडीजे कोर्ट और एसडीएम कार्यालय का विजिट किया। सोमवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की बेटियो ने सागवाड़ा थाने में काम कैसे होता है साथ ही पुलिस से संवाद कर अपने साथ या आस-पास होने वाले अपराध सम्बन्धी जानकारी ली। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सागवाड़ा की बेटियों ने थानाधिकारी कक्ष, बैरक, कम्प्यूटर रूम, शस्त्रागार, स्वागत कक्ष, अनुसन्धान कक्ष, बाल कक्ष और मालखाना सहित कई विभागों का भ्रमण कर विभिन्न जानकारियां ली। मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेशचन्द्र गामोट ने कहा कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में मेरी पुलिस-मेरी दोस्त अभियान चलाया जा रहा है वह सराहनीय है। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल से प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र गामोट, प्रकाश बुनकर, ज्योति यादव, नीलू पुरोहित, पल्लवी चौबीसा, तृप्ति भावसार सहित सुरक्षा की दृष्टि को लेकर पुलिस जवान मौजूद रहे।

भामाशाह ने गौशाला और जीव सेवा के लिए दी 1 लाख की सहयोग राशि

घाटोल। मोटागांव के ईश्वरलाल दर्जी ने अपनी 35वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर 1 लाख 11 हज़ार एक सौ ग्यारह रुपए की सहयोग राशि मोटागांव में जीव प्रेमी संस्थान द्वारा प्रस्तावित राम कृष्ण गौशाला के निर्माण एवं जमीन की खरीद के लिए भेट दी। गौ माता से प्रार्थना करते हुए सभी की मंगल कामना गौशाला निर्माण का कार्य शीघ्र रूप से पूर्ण होने की कामना की गई। साथ ही उपस्थित सभी संस्थान सदस्यों ने वागड़ की आम जनता से आह्वान किया है कि इस पुण्यकर्म में सभी अपना सहयोग जरूर देवें जिससे गौ माता एवं जीव सेवा हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग करे ।

इस अवसर पर मोटागांव के पृथ्वीराज सिंह चौहान, देवकीनंद व्यास, राजेंद्र उकावत, उप प्रधान मांगीलाल , मगनलाल औदिच्य, मेहुल कलाल, नितेश टेलर, रेखा देवी दर्जी आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जीवप्रेमी संस्थान के फाउंडर प्रेम सेवक ने दी।

10 सूत्री मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा जिला सरपंच संघ

अपनी मांगो को लेकर किया प्रदर्शन, कलेक्टर को दिया सीएम के नाम ज्ञापन

डूंगरपुर। जिले का सरपंच संघ सरपंचो की 10 सूत्रीय मांगो को लेकर आज कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष लीलाराम वरहात के नेतृत्व में सरपंचो ने अपनी मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष लीलाराम वरहात के नेतृत्व में जिले के सरपंच कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान सरपंचो ने अपनी 10 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की सरपंच लम्बे समय से उनकी मांगो को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा है लेकिन अभी तक सरपंचो की मांगे पूरी नहीं हो रही है। सरकार की ओर से समय पर बजट नहीं मिलने से पंचायतो में विकास काम ठप पड़ गए है जनता परेशान है। उन्होंने कहा की सरकार की ओर से ग्राम पंचायतो के विकास के लिए छठे राज्य वित्त आयोग की वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3 हजार करोड़ रुपए व 15 वे वित्त आयोग की द्वितीय किश्त 1500 करोड़ रुपए जारी नहीं है जिसके चलते पंचायतो में विकास कार्य अटके पड़े है। इधर प्रदर्शन के बाद जिला सरपंच संघ ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में संघ ने छठे राज्य वित्त आयोग व 15 वे वित्त आयोग की द्वितीय किश्त जल्द जारी करने, सरपंचो का मानदेय 4 हजार से 15 हजार करने, वार्ड पंचो, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य का भत्ता बढाने, नरेगा में मेट, कारीगर व सामग्री का भुगतान करने, मनरेगा में श्रमिको के कार्य दिवस 100 से बढाकर 200 दिन करने, ग्राम पंचायतो के विकास की राशि में से पंचायत सहायको, कोविड हेल्थ सहायक, सुरक्षा गार्डो का मानदेय के भुगतान के प्रावधान को निरस्त कर मानदेय के लिए अलग से बजट पंचायतो को देने सहित अन्य मांगो को जल्द पूरा करने की मांग की है।

होटल में अवैध रूप से रखी शराब को किया जब्त, होटल संचालक को किया गिरफ्तार

सीमलवाड़ा। पुलिस की स्पेशल टीम ने धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा में एक होटल पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने होटल में अवैध रूप से रखी शराब को जब्त करते हुए होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। धम्बोला पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया है।जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीपदान चारण ने बताया की डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत आज मुखबिर के जरिये धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे में स्थित होटल आरजे 12 पर अवैध रूप से शराब के भंडारण व शराब पिलाने की सुचना मिली थी।

मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नवीन कुमार डामोर नेतृत्व में कांस्टेबल महावीर ,मुकेश राजगोपाल ,यशपालसिंह, पुष्पेंद्र सिंह और पंकज की टीम सीमलवाडा कस्बे में पहुंची इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने होटल आरजे 12 पर जाकर दबिश दी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने होटल की तलाशी ली तो टीम ने होटल की पीछे से 51 पव्वे अंग्रेजी शराब के व 7 बियर बरामद की ।

डॉ शंकर यादव ने अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया

डूंगरपुर। दलित व पिछड़ो को संवैधानिक हक दिलाना एवं हर घर में बालक-बालिकाओं को शिक्षा से जोड़कर आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता रही है और इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त करते हुए हर जरूरतमद को सहयोग प्रदान करते हुए शिक्षा की अलख की आगे बढ़ाने के लिए में हर सम्भव प्रयासरत रहूंगा उक उद्गार अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ शंकर यादव ने अपने पदभार ग्रहण के दौरान नेहरू सहकार भवन जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा। साथ ही डॉ यादव ने अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आयोग का दर्जा दिए जाने के लिए आभार व्यक्त किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सी डब्ल्यू सी मेंबर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी रघुवीर सिंह मीणा , राज्यसभा सांसद नीरज डांगी , राज्य अनुसूचित जाती आयोग अध्यक्ष व विधायक

खिलाड़ी लाल बैरवा , राज्य महिला आयोग अध्यक्ष व महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियाज चिस्ती, जैसेलमेर विधायक रूपाराम धनदेव , बगरू विधायक गंगादेवी, प्रवक्ता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजेन्द्र आर्य,दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लिमिटेड राजस्थान सरकार के एमडी आर ए एस अधिकारी चांदमल वर्मा, कांग्रेस नेता गोमा सागर, सांगिलाल वर्मा, भजनलाल रोलन , अनिल गोठवाल मौजूद थे।

एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने ली अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का 7 दिन में निस्तारण करने के दिए निर्देश

डूंगरपुर। जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की साप्ताहिक बैठक ली। बैठक में एडीएम चौहान ने अधिकारियो को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों को 7 दिन में निस्तारण के निर्देश दिए वही गलत रिपोर्टिंग पर बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी भी दी है। साप्ताहिक समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में विभागीय समीक्षा करते हुए बिजली विभाग, जलदाय विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, रसद विभाग , महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एडीएम चौहान ने सभी अधिकारियों को सख्ती से कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज समस्त प्रकरण का 7 दिन में निस्तारण करें तथा कोई भी प्रकरण 7 दिन से अधिक लंबित ना रहें। उन्होंने अधिकारियों को परिवादी से स्वयं बात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलत रिपोर्टिंग कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए अधिकारी स्वयं परिवादियों से बात करें तथा परिवादो का निस्तारण करें। इसके साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में आई परिवेदनाओ का भी शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक परिवेदना की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी ली तथा उसे शीघ्र निस्तारण करते हुए रिपोर्ट करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम ने आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए पीएचडी विभाग को पेयजल की समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों, बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, रसद विभाग को संभागीय आयुक्त के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा में मृत, पलायन कर गए तथा विवाह के बाद अन्यंत्र चले जाने वाले लोगों की चिन्हित सूची के अनुसार जांच करते हुए उन्हें हटाने तथा कार्य में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए।

दो कारों की भिड़ंत में मां-बेटे और बेटी की मौत

जयपुर/जोधपुर। तेज रफ्तार दो कारों की भीषण भिड़ंत में मां-बेटे और बेटी की मौत हो गई। मरने वालों में बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर और उनका परिवार था। कार सवार सभी लोग शोक सभा में शामिल होकर जैसलमेर से जोधपुर आ रहे थे। हादसा जोधपुर-जैसलमेर सड़क मार्ग पर देचू थाना क्षेत्र के मंडला गांव के पास सोमवार सुबह हुआ।

अस्पताल के गार्ड और सफाई कर्मचारियों को 2 महीने से नहीं मिला मानदेय, आर्थिक तंगी से परेशान

कार्मिको ने विधायक को ज्ञापन देकर लगाई मानदेय दिलाने की गुहार

डूंगरपुर। जिले के मेडिकल कॉलेज के अधीन श्री हरिदेव जोशी जिला अस्पताल के सिक्युरिटी गार्ड और सफाई को कर्मचारियों को पिछले 2 महीने से मानदेय नहीं मिला हैं। आर्थिक तंगी से परेशान कर्मचारियों ने मानदेय मांगा तो उन्हें हटाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित कर्मचारियों ने अब विधायक के सामने मानदेय दिलाने की गुहार लगाई हैं। मेडीकल कॉलेज के अधीन श्री हरिदेव जोशी जिला अस्पताल में प्लेसमेंट एजेंसी के मार्फ़त सिकयूरिटी गार्ड ओर सफाई कर्मचारियों को लगाया गया है। ये कर्मचारी दिन-रात हॉस्पिटल में सफाई से लेकर दूसरे काम करते है। एजेंसी के मार्फत लगे कार्मिक गौरव पहाड़ ने बताया कि दो महीने पहले प्लेसमेंट एजेंसी का ठेका आशापुरा सिकयूरिटी गार्ड ओर भूतपूर्व सैनिक सोसायटी बाली, पाली को मिला हैं। नए ठेके के बाद से आज तक दिसंबर ओर जनवरी महीने का मानदेय नहीं मिला हैं। कर्मचारी मोहनलाल ने बताया की महीनाभर काम करने बाद भी उन्हें 5 हजार रुपये का कम मानदेय मिलता है। महीना पूरा होने पर एजेंसी से मानदेय मांगने पर नोकरी से हटाने की धमकी दी जाती है। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल में उनका सबसे ज्यादा शोषण हो रहा है। वही शिकायत करने पर भी डराया धमकाया जाता है। मोहनलाल ने बताया कि उसने 2 महीने का बकाया मानदेय मांगा तो उसका नंबर ही ब्लेक लिस्ट में डाल दिया।

गौरव पहाड़ व मोहनलाल ने बताया कि मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। घर से रोजाना हॉस्पिटल आने जाने से लेकर घर के खर्चे भी भारी पड़ रहे है। लेकिन दूसरा कोई कामकाज नहीं होने से मजबूरी में ये काम करना पड़ रहा है, जिसका फायदा उठा रहे है। सफाई कर्मचारियों ने प्लेसमेंट एजेन्सी से हटाकर आरएमआरएस में समायोजित करने की मांग रखी है। कर्मचारियों ने आज सोमवार को मानदेय की मांग को लेकर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा से भी मिले और मानदेय दिलाने की मांग रखी। पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल ने बताया कि मानदेय भुगतान को लेकर ठेकेदार को पाबन्द किया है। जल्द ही उनका भुगतान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

पादरा में हुई गुजराती पाटीदार समाज प्रगति मंडल की बैठक, समाज सुधार को लेकर चर्चा हुई

सागवाड़ा। गुजराती पाटीदार समाज प्रगति मंडल ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया है। सामाजिक सुधार को लेकर रविवार देर शाम पाटीदार समाज चौखला पादरा एवं प्रगति मण्डल की संयुक्त बैठक पादरा गांव में समाज के नोहरे में भूरिया कोकापुर की अध्यक्षता में तथा विद्यानगर के चेयरमेन डायालाल विकासनगर के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुई। विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट मण्डल के मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल जसेला, प्रगति मण्डल के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाड़वा, ट्रस्टी गोकुल नयागांव, प्रगति मण्डल के जिला महामंत्री मोहनलाल वांदरवेड़, मण्डल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरीशचन्द्र अम्बाड़ा, ट्रस्टी कचरूलाल नोगामा ओर गौतम दादा सामलिया थे। स्वागत कोदरलाल एवं ट्रस्टी गणेशलाल पादरा ने किया। बैठक के प्रारम्भ में महामन्त्री मोहनलाल वांदरवेड़ ने बताया कि प्रगति मण्डल समाज की दो

प्रमुख बुराइयों के उन्मूलन को लेकर पादरा चौखले में आया है। समाज में कन्या विक्रय तथा कन्या पलायन की प्रवृत्ति बढ़ने से समाज की किरकिरी हो रही है। प्रगति मण्डल के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाड़वा ने कहा कि हमारे समाज में 2 प्रतिशत लोग ही कन्या विक्रय करते हैं इससे पूरे पाटीदार समाज को बदनाम होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कन्या विक्रय की विकराल स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक गांव की मासिक बैठक रखनी पड़ेगी। लोगों को ईमानदार होकर जागरूक रहना पड़ेगा। रमेशचंद्र पाडवा ने कहा कि अपनी संतानों को संस्कारवान बनाने पर ध्यान दिलवाया। युवा फैशन में जाए तो चलेगा पर व्यसन में नहीं जाना चाहिए। गोकुल भाई नयागांव ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में हमारे समाज के हरे भरे परिवार उजड़ रहे हैं। समाज को इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। गोपाल जसेला ने कहा कि समाज में बात नहीं कहने के कारण समाज का नैतिक पतन हो रहा है। मुख्य अतिथि डायालाल विकासनगर ने कहां की समाज में पुराने समय में आम सहमति से फैसले होते थे। वर्तमान में कुतर्क करने से समाज सुधार के प्रयासों को झटका लगता है। उन्होंने समाज में युवा को प्रतिनिधित्व देने पर बल दिया। कोरोना काल में हुए आर्थिक तथा सामाजिक क्षति के बारे में बताया। प्रगति मंडल के समाज सुधार के अभियान में सभी को सम्बलन देने की आवश्यकता बताई। हरीशचन्द्र अम्बाड़ा ने खेल समिति की ओर से हर वर्ष आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता सत्र 2023-24 की पादरा चौखले में आयोजित करवाने का प्रस्ताव रखा जिसे पादरा चौखले ने ध्वनिमत से पारित किया। अध्यक्ष भूरिया भाभा ने समाज के लोगो से कहा कि नशा नाश का कारण है अत: सभी को व्यसन से मुक्त रहना चाहिए। संचालन जगदीश चन्द्र पादरा ने ओर आभार कचरूलाल नोगामा ने व्यक्त किया। बैठक में समाज सुधार के लिए पादरा चौखले की सामाजिक समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष डायालाल खेमजी पादरा, सचिव जगदीश पाटीदार पादरा, सहसचिव शिवराम वालजी कोकापुर, सदस्य देवेंग टीटवा, मोहन रूपेंग मोवाई, कचरू नगजी नोगामा, मोगजी खेमजी रणोली, गौतम वेलजी मांडव, भगवान केवलजी जोगीवाड़ा, लालजी धनजी कोकापुर, भगवान बादर पादरा, कोदरलाल पादरा, वेलजी नाथू मांडव, वालजी मोगजी पादरा, मावजी मोगजी पादरा, मंगलजी माधवजी पादरा को बनाया गया। बैठक में पादरा चौखले के पंचो के साथ प्रगति मण्डल, ट्रस्ट मण्डल, शिक्षा संकुल, पेंशनर्स समाज, युवा सेवा समिति, खेल समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। लालशंकर नोगामा, हिरण्य पाड़वा, देवीलाल, जगपाल, अमरजी पाडवा, नारायण, लवजी पादरा, लालजी भाई, शिवराम, गणेशलाल कोकापुर, नाथूभाई उपस्थित थे।